# सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग)

दिनांक 22.09.2023

## प्रतिवेदन

## इंडक्शन कार्यक्रम





सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षण समिति के संरक्षक एंव प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जयराम अय्यर उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं, गतिविधियों, पुरस्कारों, छात्रवृत्ति, अनुशासन संबंधी निर्देशों, विद्यार्थियों से संबंधित विभिन्न समितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों को जीवन की चुनौतियों का सामना करते हुए अपने आप को अच्छी शिक्षा लेना और जीवन को निखारना ही एक अच्छे छात्र का उद्देश्य होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि आप कुशाग्र बुद्धि के हों या न हों आपको कड़ी मेहनत करना चाहिए और लगातार अभ्यास से आप सफलता पा सकते हैं।




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी ने छात्रों को इस महाविद्यालय को अध्ययन के लिए चुनने पर छात्रों का अभिवादन करते हुए महाविद्यालय का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया व कहा कि इस महाविद्यालय द्वारा छात्रों का समग्र व्यक्तित्व का विकास होगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापकों से परिचय कराया गया तथा विभिन्न गतिविधियों एंव समितियों एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन, जूनियर रेड क्रास, ग्रन्थालय व वाचनालय, जिम, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन कार्यशाला, सेमीनार, प्लेसमेंट सेल, वार्षिक स्नेह सम्मेलन, खेलकूद प्रतियोगिता, शिकायत निवारण समिति, महिला शिकायत निवारण समिति, ऐन्टी रैगिंग समिति की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री प्रवीण चन्द्र तिवारी, सचिव श्री दिलीप इंगले, श्री वीरेन्द्र शुक्ला, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अखिलेश अग्रवाल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. किरण तिवारी, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय एंव समस्त प्राध्यापकगण एंव बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे। यह कार्यक्रम आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रमोद यादव के मार्गदर्शन में किया गया एंव संचालन डॉ. दुर्गा शुक्ला तथा श्री नीलेश तिवारी ने किया।

प्राचार्य

# डिजिटल मार्केटिंग पर एक  दिवसीय कार्यशाला




**Genz Goes Digital**

सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में वाणिज्य विभाग एवं के. के. मोदी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में डिजिटल मार्केटिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जयेश बदानी एवं राहुल कुमार, मार्केटिंग



हैड के. के. मोदी विश्वविद्यालय उपस्थित थे। मुख्य वक्ता जयेश बदानी ने आधुनिक संचार के माध्यम से मार्केटिंग कैसे की जाती है इसकी जानकारी दी और विभिन्न एप जैसे – फेसबुक, इंस्टाग्राम, आदि सोशल मिडिया के माध्यम से विज्ञापन को कैसे बढाया जा सकता है एवं पारंपरिक पद्धति से कम खर्च व कम समय में वस्तुओं एवं सेवाओं का विज्ञापन बहुत अच्छे ढंग से किया जा सकता है जिसका लाभ ग्राहको की संतुष्टि के साथ व्यावसाय को लाभ देना होता है। उन्होनें डिजिटल मार्केटिंग की अन्य प्रकारों की जानकारी जैसे एस.ई.ओ.पी.पी.सी., कन्टेन्ट मार्केटिंग आदि से अवगत कराया। जयेश बदानी ने डिजिटल मार्केटिंग में कैरियर की विभिन्न संभावनाएं बतायी जिसके अंतर्गत संगठन की वेबसाइड की प्रतिलिपि और चित्र बनाना और अपलोड करना, वेबसाइड बैनर डिजाईन करना,




ब्रांड जागरूकता एंव इंस्टाग्राम पोस्टिंग, फेसबुक पोस्टिंग इन सभी माध्यमों का प्रयोग करके आय अर्जित कि जा सकती है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, आई. क्यू. ए. सी. समन्वयक डॉ. प्रमोद यादव, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमती निधि मिश्रा, श्रीमती दुर्गा शुक्ला तथा समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित हुए।

KK MODI UNIVERSITY

# KKMU Collaborates with Seth RCS Arts and Commerce College for work shop on Digital Marketing.

## "GenZ Goes Digital"





**Seth RCS College**

**30th of Nov**





# कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन

सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय के आईक्यूएसी एंव प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला रोजगार एंव स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग उपसंचालक श्री राजकुमार कुर्रे उपस्थित हुए। उन्होंने उपस्थित छात्र–छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कैरियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी भी अपना कैरियर तलाश कर सकते है एंव बेहतर कैरियर बना सकते हैं। कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अतिरिक्त लगभग 27 अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थी भी मार्गदर्शन से लाभांवित हुए। राजकुमार कुर्रे ने कहा कि कलेक्टर के निर्देश पर आगामी माहों में कला एंव वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए भी रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने अतिथि का स्वागत



दी। उन्होंने मुख्यतः प्रशासनिक सेवा के लिए होने वाले विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा सफलता के लिए आवश्यक मूलमंत्रों जैसे लक्ष्य का निर्धारण, परीक्षा की तैयारी, दैनिक समाचार पत्रों का अध्ययन, सामूहिक चर्चा, साक्षात्कार इत्यादि के बारे में छात्रों को बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को शासकीय नौकरी दिया जाना संभव नहीं होता है इसलिए वे स्वरोजगार एंव निजी संस्थाओं में करते हुए छात्रों से कहा कि वे अपनी नियमित अध्ययन के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करें। कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वय क डॉ. प्रमोद यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट सेल की प्रभारी पवनदीप कौर ने किया।




## नैक के नवीन परिवर्तित मानदंड पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में 15 मई 2024 को सुराना महाविद्यालय के सभागार में नैक के नवीन




परिवर्तित मानदंड पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रीता लाल डी.सी.डी.सी.



हेमचंद यादव विश्वविद्यालय उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि नैक के नवीन परिवर्तित मानदंड का मुख्य उददे्श्य सभी संस्थाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए अपने आप को प्रस्तुत करना है। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को नैक की ओर से मिलने वाला ग्रेडिंग सिस्टम खत्म हो रहा है। इसकी जगह बाइनरी सिस्टम लागू होगा। नई व्यवस्था में मान्यता प्राप्त संस्थानों को लेवल ऑफ एक्सीलेंस मिलेंगे। उन्हें परिपक्वता के आधार पर 1,2,3,4, और 5 तक दावों के सत्यापन के बाद ये लेवल मिलेंगे। यह व्यवस्था इसी साल दिसंबर में लागू हो सकती है। उन्होंने नैक के पुराने एवं नवीन मानदंड के मध्य अंतर को भी स्पष्ट किया। कार्यशाला में शिक्षा महाविद्यालय


हरिभूमि
रायपुर, सोमवार, 20 मई 2024
haribhoomi.com

नैक के नवीन परिवर्तित मानदंड पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

की ओर से मिलने वाला ग्रेडिंग सिस्टम खत्म हो रहा है। इसकी जगह बाइनरी सिस्टम लागू होगा। नई व्यवस्था में मान्यता प्राप्त संस्थानों को लेवल ऑफ एक्सीलेंस मिलेंगे। उन्हें परिपक्वता के आधार पर 1,2,3,4, और 5 तक दावों के सत्यापन के बाद ये लेवल मिलेंगे। यह व्यवस्था इसी साल दिसंबर में लागू हो सकती है। उन्होंने नैक के पुराने एवं नवीन मानदंड के मध्य अंतर को भी स्पष्ट किया। कार्यशाला में शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उमाकान्ति सिंह, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, समस्त प्राध्यापकगण तथा घनश्याम सिंह आर्य महाविद्यालय व खालसा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन आई क्यु ए सी समन्वयक डॉ. प्रमोद यादव एवं मो. हारून रशीद द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जिला शिक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी एवं सचिव दिलीप इंगले ने कार्यक्रम की सराहना की।

की प्राचार्य डॉ. उमाकान्ति सिंह, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, समस्त प्राध्यापकगण तथा घनश्याम सिंह आर्य महाविद्यालय व खालसा महाविद्यालय के प्राध्यापक गण भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन आई क्यु ए सी समन्वयक डॉ. प्रमोद यादव एवं मो. हारून रशीद द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जिला शिक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी एवं सचिव दिलीप इंगले के द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई।